# प्रेसनोट दिनांक 29-12-2020 जनपद मुरादाबाद।

## *प्रेसनोट थाना कटघर*

### *थाना कटघर से जालसाजी के तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।*

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद मुरादाबाद के आदेशानुसार चलाये जा रहे जालसाजी के अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी कटघर महोदय के कुशल निर्देशन मे व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक थाना कटघर के नेतृत्व मे आज **दिनांक 22.10.20** को थाना कटघर पुलिस द्वारा **काशीपुर तिराहे से** अभियुक्तगण 1. **अनिल सक्सैना पुत्र अनोखे लाल सक्सैना निवासी मो0 गोविन्द नगर थाना कटघर मुरादाबाद उम्र 53 वर्ष 2. दुष्यन्त पुत्र रमेश सिह निवासी ग्राम हुमायूंपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उम्र 25 वर्ष 3. मुनेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र कृष्ण कुमार शर्मा निवासी ब्लाक-डी काशीराम नगर नियर द्वारिका धीश मन्दिर थाना मझोला मुरादाबाद उम्र 40 वर्ष** को 4,32,500 रूपये प्रतिरूपित व 21,500 रूपये असली मय एक अदद गाडी इनोवा न0- DL 3C AY 3239 सहित गिरफ्तार किया गया बरामद किये गये है। जिसके संबंध में थाना कटघर पर **मु0अ0सं0 1194/20 धारा 419/420 भादवि** पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगणों ने बताया कि वह भोले भाले लोगों सें फर्जीवाड़ा कर अपनी बातों में फसा लेते हैं तथा लोगों से असली नोट लेकर उनकों प्रतिरूपित नोट में बदल कर भोले भाले व्यक्तियों से छल कपट कर प्रतीरूपित नोटो को असली नोट बताकर भारी मात्रा में आर्थिक लाभ प्राप्त करतें है। मौके पर अभियुक्तगणों के कब्जे से 2 अदद मोबाईल **कुल 4,32,500 रूपये प्रतिरूपित व 21,500 रूपये असली मय एक अदद गाडी इनोवा न0- DL 3C AY 3239** बरामद की गयी। अभियुक्त के अपराध के बारे में और जानकारी की जा रही है।

थाना कटघर पुलिस के अथक परिश्रम से अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी की गयी है। जिससे जनता मे पुलिस के प्रति विश्वास बढा है। जनता द्वारा थाना कटघर पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।

***गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण***

1. उ0नि0 श्री राशिद अली प्रभारी चौकी काशीपुर दौराहा थाना कटघर मुरादाबाद
2. उ0नि0 राजेश कुमार शमी थाना कटघर मुरादाबाद
3. का0 1692 अमित कुमार थाना कटघर मुरादाबाद
4. का0 3146 महिपाल सिंह थाना कटघर मुरादाबाद
5. का0 1337 राहुल कुमार थाना कटघर मुरादाबाद
6. का0 3042 जितेन्द्र कुमार थाना कटघर मुरादाबाद
7. का0 2682 विनय कुमार त्यागी थाना कटघर मुरादाबाद

***बरामदगी का विवरण***

1. अभियुक्त अनिल सक्सेना से - 20 हजार रूपये असली व एक असली नोट 500 का व एक अदद गडडी जिसमे 170 काले कागज व एक अदद मोबाइल बरामद
2. अभि0 दुष्यंत से - एक अदद गडडी जिसमे पांच सौ का एक नोट असली व 865 नोट पांच सौ रूपये के प्रतिरूपित कूपन FULL OF FUN आदि लिखा व एक अदद मोबाइल फोन बरामद
3. अभि0 मुनेन्द्र कुमार शर्मा से - एक पांच सौ का नोट असली व एक अदद गडडी जिसमे 170 काले कागज

***गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पता***

*1. अनिल सक्सैना पुत्र अनोखे लाल सक्सैना निवासी मो0 गोविन्द नगर थाना कटघर मुरादाबाद उम्र 53 वर्ष*

- *a. अ0स0 132/17 धारा 420 भादवि थाना कटघर जिला मुरादाबाद*
- *b. अ0स0 971/19 धारा 4/25 आर्म एक्ट थाना कटघर जिला मुरादाबाद*
- *c. अ0स0 1373/17 धारा 420 भादवि थाना मझौला जिला मुरादाबाद*
- *d. अ0स0 1194/20 धारा 419/420 भादवि थाना कटघर जिला मुरादाबाद*

*2. दुष्यन्त पुत्र रमेश सिह निवासी ग्राम हुमायूंपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद उम्र 25 वर्ष*

*3. मुनेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र कृष्ण कुमार शर्मा निवासी ब्लाक-डी काशीराम नगर नियर द्वारिका धीश मन्दिर थाना मझोला मुरादाबाद उम्र 40 वर्ष*

**2 – <u>हत्या कारित करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना कटघर</u>:-**

दिनांक 27-12-2020 को वादी श्री रहीश अहमद पुत्र वशीर अहमद निवासी असालतपुरा गली नं0 4 थाना गलशहीद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा अपने बडे भाई जाकिर उम्र 58 वर्ष की गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0 1191/20 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 29-12-2020 को प्रभारी निरीक्षक श्री गजेन्द्र सिंह थाना कटघर ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त जहांगीर हुसैन पुत्र आरिफ निवासी गली नं0 1 घोडे वाली गली रहमत नगर थाना कटघर मुरदाबाद को गली नम्बर 01 से समय 09.40 बजे गिरफ्तार किया गया।

**3 – <u>दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइन</u>:-**

दिनांक 28-07-2020 को वादिनी......निवासी क्षेत्रान्तर्गत मोहाली पंजाब ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना शादी को कहने पर अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 717/20 धारा 376, 506 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 28-12-2020 को निरीक्षक अपराध श्री योगेन्द्र कृष्ण यादव थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त दानिश पुत्र अनीस निवासी मौ सराय फारुक कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाइन मुरादाबाद को टेम्पू स्टैंड अगवानपुर से समय 22.10 बजे गिरफ्तार किया गया।

**4 – <u>अवैध शराब सहित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइन</u>:-**

आज दिनांक 29-12-2020 को उ0नि0 श्री नागेन्द्र सिंह थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पिन्टू उर्फ काले पुत्र दयाराम निवास रेलवे हरथला कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद को मय 10 लीटर अवैध शराब सहित रेलवे हरथला कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 1648/20 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**5 – <u>जान से मारने की नियत से मारपीट करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, थाना ठाकुरद्वारा</u>:-**

दिनांक 21-12-2020 को वादी श्री मनोज कुमार पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम बैजनाथपुर थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के साथ गाली गलोच करना तथा विरोध करने पर मारपीट करना व अभियुक्त शरद द्वारा वादी के सिर पर जान से मारने की नियत से सरये से वार करना जिससे वादी को गम्भीर चोटे आजा व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना ठाकुद्वारा पर मु0अ0सं0 748/20 धारा 307, 323, 504, 506 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 29-12-2020 को उ0नि0 श्री मेघराज सिंह थाना ठाकुरद्वारा ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त फरमान पुत्र इकबाल निवासी फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद को अभियुक्त के घर से समय 07.45 बजे गिरफ्तार किया गया।